www.amritvichar.com

## सुविचार



सफलता की खुशियां मनाना ठीक है, लेकिन असफलताओं से सबक सीखना अधिक महत्वपूर्ण है।
- बिल गेट्स


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, रविवार, 22 मार्च 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- अकीदत से मनाई ईद, देश की खुशहाली को उठे लाखों हाथ-II
- ओटीएस : डिफाल्टरों व मानचित्र बकायेदारों को मौका-III
- वीर, व्यंग्य और संवेदनात्मक रचनाओं ने श्रोताओं को झकझोरा-IV


## सिटी ब्रीफ

### ईद पर आधे दिन खुली ओपीडी, हुईं जांचें

**बरेली, अमृत विचार :** ईद की छुट्टी के चलते जिला अस्पताल में शनिवार को ओपीडी आधे दिन चली। सुबह के समय मरीजों की भीड़ रही, लेकिन दोपहर तक पूरा परिसर लगभग खाली हो गया। एडीएसआई रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि ओपीडी दोपहर 12 बजे तक के लिए खोली गई थी, ताकि मरीजों को असुविधा न हो। इस दौरान जांचें भी हुईं।

### कुत्ते के विवाद में दंपती पर हमला, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव सनैया में पालतू कुत्ते के विवाद में पिता-पुत्रों ने दंपती पर हमला कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अविनाश कुमार ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर पड़ोसी रुपेन्द्र सिंह और उनके बेटों राजीव, शौर्य व गौरव तोमर ने मामूली बात पर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने रॉड, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से अविनाश और उनकी पत्नी रंजना पर हमला किया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं।

### पत्नी पर किया जानलेवा हमला

**बरेली/ मानपुर, अमृत विचार :** कहासुनी के बाद पति ने पत्नी पर तमंचे से गोली दाग दी। जिससे महिला घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को इलाज को भेजा।चौकी क्षेत्र टांडा छंगा के गांव कल्यानपुर निवासी मोनिश ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन निशा की शादी आठ वर्ष पूर्व गांव के ही राशिद पुत्र इनातुल्लाह के साथ हुई थी। बहन का घर उसके घर के सामने ही है। शनिवार को निशा की अपने पति राशिद से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी कहासुनी में राशिद ने अवैध तमंचे से बहन को गोली मार दी।

## शहर में आज

- सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से चतुर्थ सनातन नव वर्ष महोत्सव मेला का समापन शाम 4 :00 से रात 10 :00 बजे तक।
- जैन महिला मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा जैन मंदिर रामपुर गार्डन में दोपहर 3 :30 बजे।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की काव्य गोष्ठी सरस्वती विद्या मंदिर बृज लोक कॉलोनी में 4 :30 से।
- एसएमएस रिद्धिमा में गायन प्रस्तुति शाम 5 :15 से 6 :45 तक।

## ईद की नमाज अदा की



बाकरगंज ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते लोग। (संबंधित खबर पेज II पर)। ● अमृत विचार

# अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में वृद्धि की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शनिवार को तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक हुई बढ़ोतरी
- न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बने रहने का अनुमान

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बने रहने का अनुमान है।

आंचलिक मौसम विभाग वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार शनिवार को तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके बावजूद अभी अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। शनिवार को अधिकतम 25.1 और न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उनका कहना है कि रविवार के बाद पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। अगले 5 से 6 दिनों में अधिकतम तापमान में 7 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। इससे दिन में गर्मी का अहसास तेजी से बढ़ेगा। न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे बने रहने, वातावरण में नमी और स्थिरता के कारण सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिल सकती है। हालांकि, यह धुंध सूर्योदय के साथ ही छट जाएगी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बदलाव को देखते हुए आमजन सतर्क रहने की सलाह दी है।

# मंत्री की फटकार, युवाओं के उद्यमी बनने में बैंक बन रहे रोड़ा

## एमएसएमई मंत्री ने बरेली, आगरा और अलीगढ़ मंडलों के मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा में बैंकों को दिखाया आइना

- सचान बोले, सरकार ले रही सब्सिडी और ब्याज की गारंटी फिर बैंकों को क्यों समस्या
- बैंक कार्यप्रणाली सुधारें, अन्यथा सरकारी योजनाओं के पोर्टल से हटाया जाएगा नाम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान'' पर जबरदस्त तरीके से फोकस है, लेकिन बैंकर्स इस महत्वाकांक्षी योजना को बट्टा लगा रहे हैं।

अर्बन हाट में आगरा, अलीगढ़ और बरेली मंडल की समीक्षा बैठक के दौरान एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने बैंक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये को लेकर तल्ख शब्दों में बैंकर्स से सवाल किया कि जब योजना की 100 प्रतिशत गारंटी और ब्याज सरकार दे रही है तो फिर युवाओं को चक्कर क्यों लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि बैंक अपनी कार्यप्रणाली नहीं सुधारते हैं तो उनका नाम सरकारी योजनाओं के पोर्टल से हटवा दिया जाएगा। अर्बन हाट में शनिवार को बैठक में जब आंकड़े सामने आए तो मंत्री सचान का पारा चढ़ गया।

समीक्षा में पाया गया कि प्राइवेट बैंकों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत आए 90 प्रतिशत आवेदनों को बिना किसी ठोस कारण के निरस्त कर दिया है। सरकारी बैंकों की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 60 प्रतिशत फॉर्म खारिज किए जा चुके हैं। मंत्री ने सख्त लहजे में कहा प्राइवेट बैंक बड़े लोन फौरन दे देते हैं, लेकिन जब पांच लाख के छोटे लोन की बात आती है, जिससे गरीब युवा का घर चलना है तो वे हाथ पीछे खींच लेते हैं। सरकार इसे बेहद गंभीरता से ले रही है। सचान ने विधानसभा के सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि केवल जनता ही नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के करीब दो दर्जन विधायकों ने सदन में बैंकर्स की मनमानी का मुद्दा उठाया है। नेता प्रतिपक्ष ने भी कहा है कि योजना बेहतरीन है, लेकिन बैंक वाले पैसा नहीं दे रहे। उन्होंने साफ कहा कि युवाओं की अपेक्षाएं सरकार से हैं और बैंक उन्हें निराश कर रहे हैं।



समीक्षा बैठक में मौजूद मंत्री राकेश सचान व अन्य।



अर्बन हाट में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न बैंकों के अफसरों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

### मंत्री ने दिया घड़ी डिटर्जेंट का उदाहरण

सचान ने बैंकर्स को प्रेरित करने के लिए कानपुर के 'घड़ी डिटर्जेंट' का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे 80 के दशक में खादी ग्रामोद्योग से छोटा सा लोन लेकर एक व्यक्ति आज उत्तर प्रदेश का नंबर उद्यमी बन गया। उन्होंने कहा, अगर आप आज किसी को पांच लाख देंगे, तो कल वह बड़ा होकर औरों को रोजगार देगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। अगर लक्ष्य 1.5 लाख का है और बैंक 3 लाख लोगों को लोन दे दें, तो भी सरकार सब्सिडी और ब्याज देने में सक्षम है।

### बैंकों को 25 मार्च तक का अल्टीमेटम

चूंकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति नजदीक है, इसलिए मंत्री ने बैंकर्स को दो टूक में कहा कि 25 मार्च के बाद कुछ नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को पूरे प्रदेश में मेगा ऋण कैंप (लोन कैंप) लगाए जाएंगे। उन्होंने बैंकर्स से भावुक अपील भी की कि आज नवरात्रि और ईद का दिन है, आप लोग छुट्टी के बावजूद आए हैं, लेकिन मार्च क्लोजिंग का महीना है। बरेली मंडल में अभी भी 5000 लोन का गैप है, जिसे हर हाल में इसी हफ्ते पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कागजों की कमी अधिकारी पूरी कराएं

मंत्री ने जिला उद्योग अधिकारियों को भी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन केवल इसलिए रिजेक्ट हो जाते हैं क्योंकि कागजों में छोटी-मोटी कमी होती है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे युवाओं का सही मार्गदर्शन करें और कमियां खुद पूरी करवाकर बैंकों को दोबारा फाइल भेजें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब पोर्टल पर 'रिजेक्ट' करने का विकल्प ही खत्म करने की दिशा में विचार हो रहा है ताकि बैंकर्स को मजबूरी में लोन डिस्बर्स करना ही पड़े।



ईद के दिन गांधी उद्यान में लोगों की भारी भीड़ दिखी। ● अमृत विचार

# गर्मी में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या नहीं होगी बर्दाश्त : सांसद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों की हुई बैठक

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी की आहट के साथ ही बरेली की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन और प्रशासन सक्रिय हो गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के निर्देशों पर शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के बीच समन्वय बैठक हुई। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कटौती से निजात दिलाना रहा।

बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने जोर देकर कहा कि गर्मी के मौसम में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ''लेफ्ट आउट हाउस होल्ड'' योजना के तहत छूटे हुए घरों तक जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने और जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने विभाग की सक्रियता को सराहा, लेकिन भविष्य की चुनौतियों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी। मुख्य अभियंता ने आश्वस्त किया कि विभाग के सभी अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी फील्ड में रहकर शिकायतों की निगरानी करेंगे। एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों की प्रगति के साथ-साथ उपभोक्ता संतुष्टि प्राथमिकता होनी चाहिए। मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा और डॉ. एमपी आर्या ने सुझाव दिया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल-फ्री नंबर और स्थानीय स्तर पर रिस्पांस टाइम को न्यूनतम किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें ग्रीष्मकालीन तैयारियों को समय से पूरा करने की अंतिम समय-सीमा दी गई।



बैठक में मौजूद सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

## डिजिटल इंडिया

### मौजूदा वित्तीय वर्ष में निगम के खजाने में बरसे 100 करोड़, हाउस टैक्स के लिए यूपीआई बना पहली पसंद

# नगर निगम ने यूपीआई से टैक्स वसूली में तोड़ा रिकॉर्ड, झोली में खूब बरसा पैसा

महिपाल गंगवार, बरेली

- 77 हजार करदाताओं ने जमा किया हाउस टैक्स, आरटीजीएस और एनईएफटी से भी हुई करोड़ों की आय
- अफसर बोले-नकद भुगतान पर भारी पड़ा डिजिटल ट्रांजैक्शन 37 हजार ने मोबाइल फोन से चुकाया टैक्स

**अमृत विचार :** यूपी के स्मार्ट शहरों में शुमार बरेलीवासियों ने इस बार नगर निगम के खजाने को भरने में न केवल तत्परता दिखाई है, बल्कि डिजिटल इंडिया के सपने को धरातल पर उतारने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 मार्च तक वसूली का आंकड़ा 100.40 करोड़ के पार पहुंच गया है।

विभाग से मिले आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाला और सुखद पहलू डिजिटल भुगतान के प्रति जनता का बढ़ता रुझान है। बरेली नगर निगम के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब डिजिटल माध्यमों से कर जमा करने वालों की संख्या पारंपरिक नकद भुगतान करने वालों से कहीं अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, कुल 77,309 करदाताओं में से रिकॉर्ड 37,362 लोगों ने यूपीआई के माध्यम से अपना हाउस टैक्स जमा किया है। इसके अलावा 2,926 लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन करके और 1,526 लोगों ने नेट बैंकिंग का उपयोग किया है। कार्ड और चेक के माध्यम से भी हजारों की संख्या में भुगतान प्राप्त हुए हैं।

इधर, संपत्तिकर विभाग की इस सफलता के पीछे कर निर्धारण के दायरे में आए भवनों की संख्या में हुई भारी बढ़ोतरी भी एक प्रमुख कारण है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में कर के दायरे में आने वाले भवनों की संख्या 52,072 दर्ज की गई थी, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 77,309 तक पहुंच गई है।

यानि लगभग 25 हजार से अधिक नए भवनों को टैक्स के जाल में शामिल किया गया है। विभाग की ओर से चलाए गए डोर-टू-डोर सर्वे और जीआईएस मैपिंग के प्रभावी क्रियान्वयन से उन संपत्तियों की पहचान की गई जो अब तक निगम के रिकॉर्ड से बाहर थीं। इन नए भवनों से प्राप्त होने वाले राजस्व ने निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी है।



नगर निगम में ईद के दिन भी टैक्स आफिस खुला रहा। ● अमृत विचार

### आंकड़े एक नजर में

**कुल करदाता (2026) :** 77,309
**यूपीआई से भुगतान :** 37,362 लोग (सबसे लोकप्रिय माध्यम)
**नकद भुगतान :** 24,829 लोग
**कुल वसूली (20 मार्च तक) :** 100 .40, करोड़ रुपये



नगर निगम के राजस्व में हुई रिकॉर्ड वृद्धि शहर के विकास के प्रति नागरिकों की जागरूकता को दर्शाती है। 20 मार्च तक 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना एक बड़ी उपलब्धि है। डिजिटल भुगतान, विशेषकर यूपीआई के प्रति करदाताओं का उत्साह सराहनीय है। इस राजस्व का उपयोग शहर की सड़क, सफाई और प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने में किया जाएगा।

**संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त



करदाताओं की सुविधा के लिए हमने ऑनलाइन और डिजिटल भुगतान के विभिन्न विकल्प दिए थे, जिन्हें जनता ने हाथों-हाथ लिया है। 31 मार्च तक हमारा लक्ष्य पिछला रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित करना है, जो भविष्य की विकास योजनाओं के लिए बड़ा वित्तीय आधार बनेगा। बकायेदारों से अपील है कि वे समय सीमा के भीतर अपना कर जमा करें।

**पीके द्विवेदी,** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

### काउंटर पर नकद लगभग 18.92 करोड़ जमा किए

राजस्व के विभिन्न स्रोतों की बात करें तो 20 मार्च तक शुद्ध कर मद में 71.26 करोड़ की आय हुई है, जबकि करेत्तर (नॉन-टैक्स) मद में 29 .14 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। हालांकि डिजिटल माध्यमों का बोलबाला है, लेकिन पारंपरिक नकद भुगतान का भी अपना महत्व बना हुआ है। 24,829 लोगों ने काउंटर पर जाकर नकद राशि के रूप में लगभग 18 .92 करोड़ रुपये जमा किए हैं। बड़े संस्थानों और फैक्ट्रियों ने आरटीजीएस और एनईएफटी का सहारा लिया। आरटीजीएस के माध्यम से 4 .62 करोड़ और एनईएफटी के जरिए 3 .63 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि निगम ने छोटे घरेलू करदाताओं से लेकर बड़े औद्योगिक घरानों तक अपनी पहुंच और वसूली तंत्र को सुव्यवस्थित किया है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# अकीदत से मनाई ईद, देश की खुशहाली को उठे लाखों हाथ

## नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद, हिंदुस्तान की खुशहाली, फिलिस्तीन व मस्जिद-ए- अक्सा की हिफाजत के लिए दुआ की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों और बड़ों ने नए-नए कपड़े पहन मस्जिदों और ईदगाह का रुख किया। ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों में इमामों ने मिल्लत की खुशहाली के साथ मुल्क की तरक्की और मस्जिद-ए-अक्सा और फिलिस्तीन के मुसलमानों के लिए खुसूसी दुआ की।


शहर में मुख्य नमाज बाकरगंज स्थित ईदगाह में 10.30 बजे ग्रैंड मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां) ने अदा करायी। नमाज के बाद खुत्बा पढ़ा, उसके बाद खुसूसी दुआ की। सभी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जमात रजा मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने भी सबको गले मिलकर मुबारकबाद देते हुए कहा कि हमारे मुल्क में अमन भाईचारा कायम रहे। रोजेदार जिस तरह रमजान में इबादत में मशगूल रहे, उसी तरह ईद के बाद भी अपने रब की इबादत करें। यहां की व्यवस्था ईदगाह कमेटी के खलील अहमद, हबीब हुसैन, महताब अली, शादाब हुसैन, महबूब अंसारी, आमिर खान आदि ने संभाली। लोगों ने नमाज अदा कर कब्रिस्तान जाकर अपने पुरखों के लिए फातिहा पढ़कर ईसाले सवाब किया। इसके बाद दावतों का दौर चला। बड़ों ने बच्चों को ईदी दी।

सबसे पहले बाजार संदल खान स्थित दरगाह वली मियां में नमाज अदा की गई। इसके बाद दरगाह ताजुशशरिया, दरगाह शाह शराफत मियां, दरगाह बशीर मियां, खानकाह-ए-वामिकिया, खानकाह-ए-नियाजिया, दरगाह शाहदाना वली, दरगाह रफीक-उल-औलिया, जामा मस्जिद, दरगाह नासिर मियां (नौमहला मस्जिद), मस्जिद बीबी जी, पीराशाह मस्जिद, हबिबिया मस्जिद, नूरानी मस्जिद, कचहरी वाली मस्जिद, मसीत उल्लाह हरी मस्जिद, मुफ्ती आजम हिंद मस्जिद आदि में अपने तय वक्तों पर नमाज अदा की गयी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि सबसे आखिर में सुबह 11 बजे दरगाह आला हज़रत की रजा मस्जिद में मुफ्ती जहीम रजा ने नमाज अदा करा कर खुत्बा पढ़ा। इसके बाद तौसीफ मियां ने दुनिया भर में अमन ओ सुकून की खुसूसी दुआ की। यहां आला हजरत परिवार के सभी लोगों ने नमाज अदा की।

इमाम मुफ्ती जईम रजा ने नमाज अदा करने से पहले कहा कि अल्लाह ने अपने बंदों को तीस रोजों को इनाम ईद के रूप में अता किया है। रोजेदारों ने जिस तरह अपने आप को रमजान भर हर बुरे काम से रोके रखा, उसी तरह बाकी बची जिंदगी भी इसी तरह गुजारें। मरकज ए अहले सुन्नत वेलफेयर ट्रस्ट के अल्हाज मोहसिन हसन खान समेत मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी, हाजी जावेद खान, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, औररंगजेब नूरी, मंजूर खान, मुजाहिद रजा, काशिफ रजा, खालिद नूरी, साजिद रजा, आसिम रजा, जोहिब रजा, साकिब रजा, रोमान रजा, सुहैल रजा, अरवाज रजा आदि ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



बाकरगंज ईदगाह में बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। • अमृत विचार




रजा मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। • अमृत विचार



लोगों को ईद की मुबारकबाद देते सपा नेता डॉ. अनीस बेग। • अमृत विचार



गले मिलकर मुबारकबाद देते पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन। • अमृत विचार



दरगाह आला हजरत पर गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की देते मुबारकबाद।

### शिया समुदाय ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज पढ़ी। शिया जामा मस्जिद बाजार साहूकारा किला में इमाम ए जुमा मौलाना हसीन हैदर नकवी ने नमाज पढ़ाई। इसके बाद नमाज मुतावल्ली जफर अब्बास रिजवी सैफी और मौलाना की अगुवाई में अयातुल्लाह खामेनेई सहित शहीदों की फातिहा हुई, शियाओं के सबसे बड़े धर्म गुरु रहबर की शहादत को याद किया। घरों में किसी ने कोई पकवान नहीं बनाया। ईद की नमाज मस्जिदों में अदा हुई। लोगों ने सादे लिवास पहने, नये कपड़े किसी ने नहीं बनाये। मौलाना ने हिंदुस्तान की सलामती व अमन चैन की दुआ की। शानू काजमी ने कहा कि हम खुश नसीब हैं जो हिंदुस्तान में जन्म लिया, यहां सब लोग मिल जुलकर रहते हैं, यहां गंगा जमुनी तहजीब है, यहां सब एक दूसरे का सम्मान करते हैं।

### ईद मिलन समारोह में महापौर का अभिनंदन किया

**बरेली, अमृत विचार :** फूटा दरवाजा स्थित हाशमी कार्यालय पर आयोजित ईद मिलन समारोह में महापौर डॉ. उमेश गौतम का अभिनंदन किया गया। शमसी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शावेज हाशमी और समाजसेवी नदीम शमसी ने महापौर को पगड़ी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने स्मार्ट सिटी के रूप में बरेली में हो रहे विकास की प्रशंसा की। अंतरराष्ट्रीय शायर नदीम शमसी बरेलवी ने कलाम के जरिए महापौर के कार्यों को सराहा। सज्जादा नशीन फराज मियां ने अमन-चैन की दुआ मांगी। सर्वेश रस्तोगी, नावेद खान और इब्राहिम हाशमी ने एक-दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।



### सुरक्षा व्यवस्था : पुलिस और पीएसी का रहा पहरा, ड्रोन से हुई निगरानी

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि ईद के मद्देनजर सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टी रद्द की गयी। पुलिस लाइन का स्टाफ भी ईद के दिन शहर के प्रमुख स्थानों पर तैनात किया। चार कंपनी पीएसी के साथ एक कंपनी आरआरएफ भी जिले में मौजूद रही। घनी बस्तियों में ड्रोन से भी सुरक्षा बंदोबस्त की निगरानी की गयी। जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज सम्पन्न कराई गयी।



# ईद पर आरएसी ने जरूरतमंदों को बांटे खुशियों के पैकेट

- अमन कायम होने और जुल्म के खात्मे की हुई दुआ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट ने ईद-उल-फित्र के मुबारक मौके पर जरूरतमंदों को खुशियों का तोहफा दिया। सिवाइयां आदि के पैकेट लेकर आरएसी की टीम जरूरतमंदों के घर पहुंची। तोहफा पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

उधर, नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मरकजी मस्जिद बीबी जी में सुबह 10 बजे ईद की नमाज अदा की और दुनिया में अमन-चैन की दुआ की। रमजान के पूरे महीने अस्पतालों और बस स्टैंड जैसी जगहों पर आरएसी फ्री सहरी सर्विस के बाद हजरत अदनान रजा कादरी ने ईद के मौके पर सिवाइयां, शकर, घी, आटा, चावल, आलू, छोले आदि के पैकेट तैयार कराए, जो आरएसी मुख्यालय बैतुर्रजा पहुंचे, जहां से आरएसी की टीम ईद का तोहफा लेकर अलग-अलग इलाकों को रवाना हुई।

उधर, मरकजी मस्जिद बीबी जी में ईद की नमाज अदा करने के बाद अदनान मियां ने मुल्क और दुनिया में अमन-चैन कायम होने की दुआ की। नमाज के बाद बैतुर्रजा पर ईद की मुबारकबाद देने वालों का तांता लगा रहा। नबीरा-ए-आला हजरत ने ईद की सिवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया और सभी को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। हाफिज इमरान रजा, हनीफ अजहरी, सईद सिब्तेनी, मोहम्मद जुनैद, इब्ने हसन, अब्दुल मोइद रजा, इमरान वारसी, अतहर हुसैन, मोहम्मद अहमद, फुरकान रजा, अफजल रजा, मोहम्मद हसन, आदिल रजा, फराज हुसैन, मोहम्मद नफीस, गौस मोहम्मद, अजीज रजा, सलमान रजा, मोहसिन रजा, आसिफ रजा, शादाब रजा आदि मौजूद रहे।

### ईद की नमाज के बाद किया पौधरोपण

**बरेली, अमृत विचार :** ईद के मौके पर सिविल लाइंस स्थित मस्जिद नौमहला में जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी के नेतृत्व में नमाजियों ने पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि ईद का संदेश सिर्फ रोजा खोलना या मिलन नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की भलाई और जमीन को हरा-भरा रखना भी है। इस्लाम में पेड़ लगाना सदका-ए-जारिया माना जाता है। इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी, ई.अनीस अहमद खां, अर्शी अहमद खां, अरशद अहमद, दानिश खान, हाजी साकिब रजा खां, मौलाना हसन रजा पुर्नवी, आसिम कुरैशी, अरशान रजा कादरी, नईम आदि मौजूद रहे।



## टेस्ट ड्राइव के बहाने शातिर बाइक लेकर फरार

**बरेली, अमृत विचार :** एक शातिर टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के पीर बहोड़ा निवासी अमन खान ने अपनी रॉयल एनफील्ड बाइक बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन डाला था। 14 मार्च की शाम एक युवक ने बाइक खरीदने के लिए उन्हें फोन किया और मुड़िया अहमद नगर बुलाया। अमन के मुताबिक जब वहां पहुंचे तो युवक ने बाइक की टेस्ट ड्राइव लेने की इच्छा जताई। जैसे ही वह बाइक पर बैठा, वह नैनीताल हाईवे की तरफ रफूचक्कर हो गया। अमन ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह हाथ नहीं आय। छानबीन करने पर पता चला आरोपी ने टीके गार्डन के पास एक पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवाया था। शुक्रवार को इज्जतनगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मोबाइल नंबर और पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

## लापता हुई नाबालिग पिता की सुपुर्दगी में सौंपी

- बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र ने न्यायपीठ के सदस्यों के साथ की बरामद बालिका के केस की सुनवाई

**बरेली, अमृत विचार :** बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/मजिस्ट्रेट दिनेश चंद्र ने न्यायपीठ के सदस्यों में मजिस्ट्रेट डॉ रश्मि, डॉ. राखी चौहान और मोनिका गुप्ता ने शुक्रवार को बरामद किशोरी को पिता की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। न्यायपीठ ने विवेचक और पायल शर्मा को बालिका को संजय नगर में रहने वाले उसके पिता की सुपुर्दगी में देकर कार्रवाई से अवगत कराने का आदेश दिया था।

न्यायपीठ के समक्ष बारादरी थाने के विवेचक सौरभ ने शुक्रवार को बालिका के बयान एवं मेडिकल परीक्षण की कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायपीठ ने पाया कि बालिका की देखरेख आवश्यक है। किशोर न्याय अधिनियम (बालकों की देखरेख व संरक्षण) 2015 की धारा 94(2) में दिये गये प्रावधान के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से जारी आयु संबंधी चिकित्सीय प्रमाण पत्र में दर्ज आयु करीब 16 वर्ष के आधार पर बालिका अवयस्क है। बालिका ने न्यायपीठ के समक्ष अपने पिता के साथ घर जाने की इच्छा व्यक्त की। न्यायपीठ ने बालिका को वयस्क होने की अवधि के लिए पिता के संरक्षण में शर्तों के साथ देने का निर्णय लिया। शर्त रखी है कि आवश्यक होने पर प्रतिज्ञा पत्र भरने वाला व्यक्ति समिति को बालिका के साथ-साथ आदेश और भरे गये प्रतिज्ञा पत्र की प्रति प्रस्तुत करेगा। बालिका वयस्क अवधि के लिए पिता के आवास/संरक्षण में रहेगी। बालिका को समिति की अनुमति के बिना संबंधित जिला क्षेत्र को छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। बालिका नजदीकी विद्यालय या व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र पर जाएगी। निर्णय की कॉपी वन स्टॉप सेन्टर को भिजवाने के आदेश दिए। बालिका 11 मार्च को घर से सामान लेने जाने के दौरान लापता हो गयी थी। उसके पिता ने लड़के पर बहलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

## फर्जी दस्तावेजों के सहारे मकान पर कब्जे की साजिश

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में जालसाजों का एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो मृत व्यक्तियों के फर्जी हस्ताक्षर और कूट रचित दस्तावेजों के सहारे लोगों की संपत्तियों पर कब्जा कर रहा है। ताजा मामला थाना इज्जतनगर के ग्राम कलारी का है, जहां एक पीड़ित परिवार के पुश्तैनी मकान को हड़पने के लिए फर्जी हिबानामा (दानपत्र) तैयार करने का मामला सामने आया है। एडीजी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित अफसर अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि थाना बारादरी क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया निवासी कल्लो और उनके पांच बेटों युसूफ अली, जाबिर अली, नासिर अली, शाकिर अली व मोहम्मद सलीम ने गवाहों की मदद से उनके मकान का एक फर्जी हिबा नाम तैयार किया। जिसे असली दिखाने के लिए आरोपियों ने मृतक जमील अहमद एडवोकेट (नोटरी) के फर्जी हस्ताक्षर किए और मौज अली शाह का फर्जी अंगूठा लगवाया। इस कूटरचित दस्तावेज के सहारे आरोपी पीड़ित परिवार को बेदखल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## ट्रैक्टर चलाकर नष्ट की फसल विरोध पर दी हत्या की धमकी

- पिता-पुत्रों समेत आठ पर रिपोर्ट, कैंट थाना क्षेत्र के चौबारी का मामला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** थाना कैंट के ग्राम चौबारी में पुरानी रंजिश में एक किसान की 15 बीघा गेहूं की फसल को गांव के ही पिता-पुत्रों ने साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। विरोध करने पर हत्या करने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित रामवीर सिंह का आरोप है कि 15 मार्च को गांव के जसवीर सिंह ने दो बेटों विजयवीर सिंह और विनय वीर सिंह के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। इसमें इनके साथ 4-5 अन्य अज्ञात हमलावर भी शामिल थे, जो हथियारों से लैस थे। जैसे ही रामवीर ने विरोध किया, पिता और उनके दोनों बेटों ने उन्हें गालियां देनी शुरू कर दीं और रायफलें तानकर गोलियों से भूनने की धमकी दी। किसान ने भागकर जान बचाई और तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि आरोपियों ने फसल को नष्ट कर दिया है। रामवीर के मुताबिक इन्हीं आरोपियों ने वर्ष 2014 में भी इसी खेत की फसल को नष्ट किया था। मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## केस वापस न लेने पर गोली मारने की धमकी

- जमानत पर छूटे आरोपी बोले-मुकदमा वापस नहीं लिया तो गोलियों से भून देंगे
- फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला के रिश्तेदारों को अभद्र मैसेज भेजे
- प्रेमनगर पुलिस ने झारखंड के मुख्य आरोपी समेत तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अग्रिम जमानत पर छूटे आरोपी ने शिकायतकर्ता पर पुराने मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाने के लिए सारी हदें पार कर दीं। मुकदमा वापस नहीं लेने पर गोलियों से भून देने की धमकी दी। महिला के रिश्तेदारों को अभद्र मैसेज भेजकर परेशान किया। पटेल नगर के पूर्णांगिरी विहार निवासी अंशिका गंगवार की तहरीर पर पुलिस ने झारखंड (रामगढ़) निवासी संजीत कुमार यादव उर्फ संजीव और उसके दो साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़िता का आरोप है कि मुख्य आरोपी साजिश के तहत उनके परिवार को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर उतारू है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार 4 मार्च को संजीव के इशारे पर राहुल सिंह राजपूत और अमरजीत गुप्ता ने अंशिका के पति को फोन कर गालियां दीं और गोलियों से मारने की धमकी दी।

इससे पहले 21 फरवरी को आरोपियों ने 'बदमाश 007' और 'अनुपता यावदी' नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट्स बनाकर उसके रिश्तेदारों और दोस्तों को झूठे व आपत्तिजनक मैसेज भेजे। अंशिका के मुताबिक उसने संजीव के खिलाफ साल 2024 में नोएडा (सेक्टर-39) और 2025 में प्रेमनगर थाने में दो आपराधिक मुकदमे दर्ज कराए थे, जिनमें पुलिस चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी है, लेकिन आरोपी हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने का फायदा उठाते हुए गवाहों को लगातार धमका रहा है।

पूरे परिवार की जान को खतरा बताते हुए पीड़िता ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## ठेकेदारी के नाम पर निवेश करना पड़ा महंगा, 39 लाख रुपये डकारे

- पार्टनरशिप के नाम पर ऐंठे रुपये एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचारः** इज्जतनगर क्षेत्र में खुद को रक्षा विभाग का ठेकेदार बताने वाले शातिर ने अपनी फर्म में पार्टनरशिप और मुनाफे का लालच देकर युवक को 39 लाख रुपये की चपत लगा दी। थाने में सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नैनीताल रोड निवासी गिरीश बाबू के मुताबिक सुरेश शर्मा नगर निवासी गौरव अग्रवाल ने खुद को 'तेजस ट्रेडर्स' का मालिक और बड़ा ठेकेदार बताकर उनसे संपर्क किया था। गौरव ने उन्हें विश्वास दिलाने के लिए अपनी साइट्स दिखाईं। फरवरी 2025 को आरोपी ने बरेली कैंट में एक बड़े टेंडर की सप्लाई के नाम पर रुपयों की कमी बताई और झांसा दिया कि यदि वह 30 लाख रुपये का निवेश करते हैं तो उन्हें फर्म में 25 प्रतिशत का लाभांश और पार्टनरशिप दी जाएगी। उसके मुताबिक आरोपी के जाल में फंसकर 10 मार्च 2025 को आरटीजीएस के जरिए 30 लाख रुपये गौरव की फर्म के खाते में ट्रांसफर कर दिए। आरोपी ने अधिकारियों से मिलने और काम आगे बढ़ाने के नाम पर किस्तों में नौ लाख रुपये नकद भी ऐंठ लिए।

## सिटी ब्रीफ

### डायरिया की गिरफ्त में आ रहे बच्चे

**बरेली, अमृत विचार :** दो दिन में जिला अस्पताल में 10 बच्चे भर्ती हुए, जिनमें अधिकांश में डायरिया के लक्षण मिले। कुछ को बुखार और उल्टी आ रही थी। फिजीशियन डॉ राहुल वाजपेयी ने बताया कि बदलते मौसम में खान-पान और स्वच्छता को लेकर लापरवाही बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। उन्होंने माता-पिता को इस समय पर विशेष देख रेख की सलाह दी है।

### डीआरएम कार्यालय परिसर में पौधे रोपे

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिले की सभी रेंजों में वृहद पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बरेली रेंज के कार्यक्रम के तहत डीआरएम कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सक्सेना, उप प्रभागीय वनाधिकारी (आंवला) विमल किशोर भारद्वाज, क्षेत्रीय वनाधिकारी (बरेली) वैभव चौधरी आदि ने पौधे रोपे।










### गर्मी आई, हैंडपंप खराब

शहर में सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल संसाधन दुरुस्त होने के दावे किए जा रहे हैं, मगर कई जगहों पर इंडिया मार्का हैंडपंप खराब हैं। गर्मी की शुरुआत हो चुकी है, मगर जिम्मेदारों ने खराब हैंडपंपों की अभी तक सुध नहीं ली है। राहगीरों को पेयजल किल्लत से जूझना पड़ रहा है।

● **फोटो और विवरण :** हरदीप सिंह टोनी

# कार्यकर्ताओं को समाज के लोगों से हमेशा संपर्क करते रहना चाहिए

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद महानगर की बैठक केशव कृपा संघ कार्यालय के सभागार में शनिवार को हुई। जिसमें परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक एवं संरक्षक दिनेश ने कहा कि संगठन का सबसे प्रमुख कार्य संपर्क करना है, इसीलिए सभी कार्यकर्ताओं को समाज के लोगों से हमेशा संपर्क करते रहना चाहिए, जिस प्रकार शरीर के सभी अंग महत्वपूर्ण हैं, किसी भी एक अंग के बिना शरीर ठीक से कार्य नहीं करता, उसी प्रकार संगठन के सभी आयाम महत्वपूर्ण हैं।

केंद्रीय मार्गदर्शक ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता वो होता है, जो कार्य करें, लेकिन अधिकारी वो होता है, जो अधिक कार्य करें, इसीलिए सभी को अपने दायित्व के अनुसार कार्य करना चाहिए। संचालन महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने किया। प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार, विभाग संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह सोम, विभाग मंत्री मानवेंद्र सिंह राणा, संजय भदौरिया, परम केसवानी, कपिल चंदानी, दिव्य चतुर्वेदी, गिरधर गोपाल खट्टर, विकास सोमवंशी, राजकुमार राजपूत, जितेंद्र कश्यप, अंकित कुमार, केवलानंद गौड़, राजेश पाठक, नीरज मलिक, आशीष शर्मा, तरुण कपूर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा केंद्रीय मार्गदर्शक दिनेश ने शहर के व्यापारियों और उद्यमियों के साथ बैठक कर परिषद के कार्य को विस्तार देने पर जोर दिया।



विहिप की बैठक में मंचासीन परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक दिनेश व अन्य।

● **विश्व हिंदू परिषद महानगर की बैठक में बोले केंद्रीय मार्गदर्शक एवं संरक्षक दिनेश**

# ओटीएस : डिफाल्टरों व मानचित्र बकायेदारों को मौका

## बीडीए और आवास विकास से जुड़ी संपत्तियों के मामले में बड़ी संख्या में लोगों को मिल सकेगा योजना का लाभ

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण, उप्र आवास एवं विकास परिषद क्षेत्र की संपत्तियों के डिफाल्टर आवंटियों के लिए आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने बड़ी राहत दी है। ओटीएस योजना लागू कर डिफाल्टर आवंटियों और मानचित्र स्वीकृति के सापेक्ष शुल्क जमा न करने वालों के लिए धनराशि जमा करने का अवसर प्रदान किया गया है। एक मुश्त समाधान योजना में आवेदन कर प्रोसेसिंग फीस और प्रारंभिक धनराशि जमा कर आवंटी इसका लाभ ले सकेंगे।

आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद की ओर से ओटीएस के संबंध में जारी किए गए दिशा निर्देश का लाभ बरेली जिले के तमाम लोगों को भी मिलेगा। 20 मार्च से अगले एक माह तक सभी डिफाल्टर्स को जागरूक किया जाएगा। योजना में आवेदन करने के लिए 3 माह की अवधि निर्धारित की है। इस तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। ओटीएस आवेदन-पत्र जमा करने की तिथि वही मानी जायेगी, जिस तिथि को आवेदन पत्र के साथ अपेक्षित प्रोसेसिंग फीस और प्रारंभिक धनराशि ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा की गयी है। आवेदन पत्रों का निस्तारण आवेदन प्राप्ति की तिथि से तीन माह में किया जाएगा। इसके बाद प्रवर्तन (इंफोर्समेंट) की कार्यवाही की जाएगी। आगणित संपूर्ण देय धनराशि को मांग-पत्र डिस्पैच होने की तिथि से 30 दिन के अंदर एकमुश्त जमा करने पर संपूर्ण देय धनराशि पर 3 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रोसेसिंग फीस ओटीएस का मात्र शुल्क है, इसे किसी भी देय धनराशि में समायोजित नहीं किया जायेगा।



### निर्धारित की गई प्रोसेसिंग फीस

| संपत्तियों का प्रकार | प्रोसेसिंग फीस | आवेदन संग जमा धनराशि |
|---|---|---|
| ईडब्ल्यू एस भवन/भूखंड | 100 रुपये | 5000 रुपये |
| एलआईजी भवन/भूखंड | 500 रुपये | 10 हजार |
| अन्य श्रेणी की आवासीय | | |
| व्यावसायिक निर्मित दुकानें व भूखंड | 2100 रुपये | 50 हजार |
| ग्रुप हाउसिंग | 11 हजार | 5 लाख |
| संस्थागत संपत्तियां | 11 हजार | 5 लाख |
| क्रम संख्या-3 के अतिरिक्त अन्य समस्त | | |
| व्यावसायिक संपत्तियां | 11 हजार | 5 लाख |
| मानचित्र | 5 हजार | 2 लाख |

● **सरकारी, आवासीय समिति और गैर सरकारी संपत्तियों पर भी योजना लागू**

● **शासन ने ओटीएस योजना के तहत प्रोसेसिंग शुल्क की दरें की गईं निर्धारित**

### ऐसे कर सकेंगे आवेदन

आवंटी आवेदन ऑफलाइन या ऑनलाइन कर सकेंगे। आनलाइन आवेदन करने के लिए ओटीएस योजना का आवास बंधु की वेबसाइट (www.awasbandhu.in) के होमपेज पर लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जो 18 अप्रैल से क्रियाशील होगा। आवेदकों के लिए ऑफलाइन आवेदन की प्रक्रिया सुविधाजनक बनाने के लिए आवास आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों द्वारा हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी की जाएगी।



ओटीएस योजना का शासनादेश मिल गया है। उसे देख रहे हैं, उसमें दिए गए दिशा-निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. मनिकन्डन ए.** उपाध्यक्ष, बीडीए

# सर्किट हाउस व राजेंद्र नगर की सरकारी कॉलोनी की होगी मरम्मत

**बरेली, अमृत विचार :** शासन ने सर्किट हाउस के कक्षों सहित परिसर और एनेक्सी भवन के साथ राजेंद्रनगर स्थित सरकारी कॉलोनी की मरम्मत कराने के लिए प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। करीब 4 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है, 40 लाख से अधिक रुपये जारी कर दिए हैं।

आवासीय भवनों की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लिए 30.54 लाख, राजेंद्र नगर कालोनी के टाइप-1 के आवासों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई के लिए 33.52 लाख, इसी कॉलोनी के टाइप-2 के 64 आवासों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई के लिए 37.25 लाख, टाइप-2 के ही 75 आवासों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई के लिए 36.84 लाख, टाइप-2 में ही 83 आवासों की मरम्मत एवं रंगाई के लिए 36.85 लाख, टाइप-3 के आवासों की मरम्मत एवं रंगाई के लिए 33 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी भवन की रंगाई-पुताई, कक्षों एवं और छत की मरम्मत कार्य के लिए 34.55 लाख, सर्किट हाउस की बाउंड्री वॉल की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई के लिए 34.14 लाख रुपये, सर्किट हाउस के कक्षों की मरम्मत एवं रंगाई-पुताई एवं छत की मरम्मत के लिए 36.31 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। निरीक्षण भवन के कक्षों की मरम्मत, रंगाई-पुताई के लिए 23.43 लाख, बाउंड्री वॉल मरम्मत के लिए 34.73 लाख और अनावासीय भवनों (कार्यालयों) की मरम्मत के लिए 31.34 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

● **शासन ने आवासीय और अनावसीय भवनों के लिए 4 करोड़ की धनराशि जारी की**

# भाजपा : महानगर में जमीन मजबूत करने की तैयारी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** भाजपा हाईकमान ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ और मंडलों की जमीन मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। महानगर के तीन मंडलों में कार्यकारिणी घोषित कर दी है। इन मंडलों में कई माह से कार्यकारिणी गठित नहीं थी। इस वजह से कैंट विधानसभा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, मढ़ीनाथ मंडल, कालीबाड़ी मंडल क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ ही पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में दिक्कतें आ रही थीं। प्रत्येक मंडल में 18-18 पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

भाजपा के महानगर जिले में नौ मंडल हैं। इसमें पूर्वी मंडल, सीबीगंज मंडल, हरमिलाप मंडल, बांके बिहारी मंडल, साईंनाथ मंडल, टीबरीनाथ मंडलों के अध्यक्षों और इनकी कार्यकारिणी की घोषणा पहले ही हो चुकी है। कुछ दिन पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय, मढ़ीनाथ मंडल और कालीबाड़ी मंडल के अध्यक्षों की घोषणा हाईकमान के स्तर से की गयी थी, लेकिन मंडलों की कार्यकारिणी गठित नहीं की गयी थी। ये तीनों मंडल कैंट विधानसभा के अंतर्गत आते हैं। इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद मंडल अध्यक्षों ने नई कार्यकारिणी गठित कर दी।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अध्यक्ष कन्हैया राजपूत ने विनोद राणा, मनोज सक्सेना, कपिल शर्मा, ईशान गुप्ता, डॉ. प्रदीप सक्सेना, अभिजीत कठेरिया को उपाध्यक्ष, दीपक राठौर और अंकुर मित्तल को महामंत्री, अजय कुमार गुप्ता, मोनू शर्मा, नरेश पाल, अभिषेक रघुवंशी, संतोष सिंह, मंजू कश्यप को मंत्री और अनुराग जायसवाल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

मढ़ीनाथ मंडल के अध्यक्ष सुधीर भटनागर ने अनिल सक्सेना, ऋषि रंजन, आशीष शर्मा, रविंद्र बजाज, राम कश्यप, देशराज यादव को उपाध्यक्ष, मयंक कुर्मी और रवि अरोड़ा को महामंत्री, अंकुर चौहान, अमित पाल, प्रमोद सोनकर, विशाल वाल्मीकि, सौरभ मौर्य व मीनू गोस्वामी को मंत्री और डॉ. राकेश कुमार राठौर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है।

कालीबाड़ी मंडल के अध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने सुरेश रस्तोगी, अवनीश मिश्रा, शंकर लाल लोधी, अनुराग, कमल को उपाध्यक्ष, हर्षित गुप्ता और अमर सिंह राठौर को महामंत्री, कोषाध्यक्ष राहुल रस्तोगी को बनाया है। छह पदाधिकारी मंत्री बनाए हैं। लखनऊ से जारी की गयी सूची में मीडिया प्रभारी व एक अन्य पद की घोषणा नहीं हुई है।




● **भाजपा के महानगर के तीन मंडलों की कार्यकारिणी घोषित, कैंट विधानसभा के तीनों मंडलों में विभिन्न पदों पर नियुक्त किए गए 18 पदाधिकारी**

महानगर कार्यकारिणी में मीडिया प्रभारी सहित तीन पदों की घोषणा अभी हाईकमान से नहीं हुई है। हाईकमान से निर्देश मिलने पर सूची जारी की जाएगी। अभी महानगर के तीन मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की गयी है।

**अधीर सक्सेना,** अध्यक्ष महानगर भाजपा

# रहपुरा चौधरी में डबल मर्डर के पीड़ितों से मिले पार्थ


पीड़ितों के परिजनों से मिलने पहुंचे पार्थ गौतम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** पार्थ गौतम फाउंडेशन के अध्यक्ष और युवा सेवक संघ के प्रधान सेवक पार्थ गौतम ने हाल ही में इज्जतनगर के रहपुरा चौधरी में हुए डबल मर्डर के पीड़ितों के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने पीड़िता सायमा और परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं, ईद के मौके पर पार्थ गौतम ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में घर-घर जाकर लोगों को गले लगकर मुबारकबाद दी। उन्होंने लोगों के साथ खुशियां बांटीं और समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

# मंत्र थेरेपी से अर्द्ध बेहोश कर हुई हृदय की सफल सर्जरी

**बरेली, अमृत विचार :** गंगाशील हॉस्पिटल में मंत्रों एवं साउंड की समावेश एमआरसी थेरेपी से अवचेतन मन पर कार्य करते हुए 75 वर्षीय महिला को अर्द्ध बेहोश कर के हृदय की सफल सर्जरी की गई। इस थेरेपी में मरीज को हेडफोन लगाकर सिर्फ सुनना होता है और मरीज धीरे-धीरे रिलैक्स होता हुआ अर्द्ध बेहोशी की स्थिति में चला जाता है।

हृदय रोग सर्जन डॉ. राहुल ने बताया कि इस थेरेपी के इस्तेमाल के बाद पाया गया कि पेशेंट रिलैक्स होकर लेटा हुआ है और अन्य मरीजों की तरह न उसे दर्द का अनुभव हुआ और न ही उसमें कोई बेचैनी हुई। ऑपरेशन हो जाने के बाद जब महिला से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनको ऑपरेशन का या इंजेक्शन के कष्ट का पता ही नहीं चला और वह पहले से ज्यादा रिलैक्स और प्रसन्न दिखाई दीं। हृदय रोग सर्जन डॉ. राहुल ने बताया कि एमआरसी थेरेपी का उपयोग हम सर्जरी के दौरान तो करेंगे ही जिससे रोगी बिना घबराहट और डर के पूर्णतः रिलैक्स होकर सर्जरी करायेगा। इस थेरेपी के बाद अनिद्रा, डिप्रेशन, एंजायटी, घबराहट जैसी समस्याएं भी समाप्त हो जाएंगी और दवाइयां भी कम खानी पड़ेंगी। इस थेरेपी के जनक डॉ अभिषेक शर्मा हैं। गंगाशील हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉक्टर शालिनी माहेश्वरी ने बताया कि गंगाशील हॉस्पिटल ऐसा पहला हॉस्पिटल है जो कि अवचेतन मन पर कार्य करने वाली मंत्र चिकित्सा का उपयोग करते हुए हृदय की शल्य चिकित्सा कर रहा है।



● **गंगाशील हॉस्पिटल में एमआरसी थेरपी का हुआ शुभारंभ जनपदवासियों को मिलेगी सुविधा**

# मंडी की 20 दुकानों की नीलामी कराने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** शहर की मंडी में लंबे समय से किराया जमा न करने और नवीनीकरण न कराने वाले व्यापारियों के खिलाफ मंडी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 20 दुकानों को कब्जे में लिया था। जिसे नीलाम करने की तैयारी पूरी कर ली है। ऐसे में जल्द बोली लगाने वालों को दुकानें मिलेंगी। इन दुकानों की नीलामी से ढाई करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

मंडी सचिव संतोष कुमार यादव ने बताया कि मंडी क्षेत्र में कुल 27 फर्में ऐसी थीं, जो लंबे समय से किराया जमा नहीं कर रही थीं और न ही दुकानों का नवीनीकरण करा रही थीं। मंडी प्रशासन की ओर से कई बार नोटिस जारी कर बकाया जमा करने और लाइसेंस नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद 20 फर्मों ने मंडी प्रशासन के नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि प्रशासनिक सख्ती के बाद सात फर्मों ने बकाया किराया जमा कर दिया, लेकिन बाकी 20 फर्मों ने कोई जवाब नहीं दिया।

# राहत : 2400 शिक्षकों के बुढ़ापे की लाठी बनी 'पुरानी पेशन'

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** माध्यमिक एडेड कॉलेज में संविदा पर नियुक्त किए गए शिक्षकों को 19 साल बाद उनका हक मिल सका है। उन्होंने अपनी नियुक्ति को लेकर लंबी लड़ाई लड़ी। अब प्रदेश सरकार ने उन्हें पुरानी नियुक्ति के दायरे में लेकर पुरानी पेंशन देने का आदेश दिया है। इससे प्रदेश के लगभग 2400 शिक्षकों को लाभ मिल सकेगा। जिले के 52 शिक्षक भी पुरानी पेंशन (ओपीएस) का लाभ पाएंगे।

आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने बताया कि सन 2000 से 2002 तक एडेड माध्यमिक कॉलेजों में उनकी संविदा नियुक्ति हुई थी। तब उन्हें पांच हजार रुपये वेतन पर रखा गया था। इसके बाद कुछ समय बाद इन्हें हटा दिया गया। 2003 में संतोष उपाध्याय समेत तमाम शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अपील की। तब कोर्ट के आदेश पर बसपा सरकार ने उन्हें वापस ले लिया। 2007 में सपा की सरकार ने प्रदेश के लगभग 3000 शिक्षकों को सरकारी कर दिया। इसके बाद से वह लोग सरकार से अपनी ज्वाइनिंग की बात को कहते हुए पुरानी पेंशन की मांग कर रहे थे। अब 19 साल बाद सरकार ने पुरानी ज्वाइनिंग को ही सही मानते हुए उन्हें पुरानी पेंशन देने के आदेश दिए हैं। बरेली जिले में इससे एडिड कॉलेज में तैनात 52 शिक्षकों को फायदा मिलेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता हरीश बाबू शर्मा, आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ की मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी अस्थाना, संतोष उपाध्याय ने सभी संगठनों का आभार प्रकट करते हुए सरकार के फैसले की सराहना की है। जिलाध्यक्ष संतोष उपाध्याय ने कहा की बुढ़ापे की फिक्र अब योगी सरकार ने दूर कर दी है। हालांकि, यह हक पाने के लिए शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी से लेकर शासन स्तर पर अफसरों से खूब पैरवी करनी पड़ी।


माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के साथ शिक्षक नेता। (फाइल फोटो)

● **2002 में हुई थी संविदा नियुक्ति अब पुरानी पेंशन देने का सरकार ने किया आदेश**

● **एडेड स्कूलों में हुई थी नियुक्ति जिले में तैनात 52 शिक्षकों को मिलेगा इसका लाभ**



## सिटी ब्रीफ

### कन्या के विवाह में दिया गृहस्थी का सामान



**बरेली, अमृत विचार** : पंजाबी सेवा संगठन परिवार ने एक कन्या के विवाह में पलंग, ड्रेसिंग टेबल, साड़ियां, डिनर सेट आदि गृहस्थी का सामान भेंट किया। मुख्य रूप से अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, संगठन की संरक्षक इन्दु सेठी, अध्यक्ष सुमन साहनी, मनप्रीत कौर, प्राची साहनी, रितु खुराना, पूनम ठक्कर, सरिता साहनी, साक्षी साहनी, रीता बत्रा, बुआ दाती के रीता खत्री, सुरेन्द्र खत्री, रंजना सलूजा, संजीव साहनी, पंकज साहनी, जतिन, विक्रम आदि उपस्थित रहे।

### नवरात्र में बढ़ी नारियल पानी की मांग

**बरेली, अमृत विचार** : नवरात्र शुरू होते ही बाजार में नारियल पानी की मांग बढ़ गई है। व्रत रखने वाले लोग इसे शुद्ध और ऊर्जा देने वाला पेय मानते हैं, जिसके चलते ठेलों और दुकानों पर इसकी बिक्री में खासा इजाफा देखने को मिल रहा है। मंडी में नारियल की खेप पश्चिम बंगाल और ओडिशा से पहुंच रही है। फल व्यापारी सरफराज के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में नवरात्र के दौरान नारियल पानी की खपत करीब दो से तीन गुना तक बढ़ जाती है।

### इंस्पायर अवार्ड पाने पर छात्रा सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार** : बंडिया गांव स्थित रिजवान हुसैन कादरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक रिजवान हुसैन और प्रधानाचार्य इरफान हुसैन ने इंस्पायर अवार्ड मिलने पर कक्षा 10 की छात्रा खुशनूर को सम्मानित किया। बताया कि अवार्ड के तहत मिलने वाली 10 हजार रुपये की धनराशि छात्रा के खाते में पहुंच गई।



सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से बरेली क्लब में आयोजित कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते प्रताप सिंह फौजदार।



कवि सम्मेलन में मौजूद श्रोतागण। ● अमृत विचार

# वीर, व्यंग्य और संवेदनात्मक रचनाओं ने श्रोताओं को झकझोरा

## सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से आयोजित कवि सम्मेलन में देर रात तक बजीं तालियां, कविता के रंग में रंगे श्रोता, देर रात तक चला काव्य पाठ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **कवियों की काव्य प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने सराहा**

**अमृत विचार**: सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से शनिवार की रात बरेली क्लब में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों की ओजस्वी, व्यंग्यपूर्ण और भावनात्मक रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम से शुरू हुआ काव्य पाठ का सिलसिला देर रात तक चलता रहा और हर एक पंक्ति पर श्रोताओं की तालियां गूंजती रहीं।

सम्मेलन में हरिओम पवार, प्रताप फौजदार, डॉ. सुरेंद्र जैन, डॉ. प्रतीक गुप्ता, अभय सिंह निर्भीक, काव्या श्री जैन और मयंक शर्मा समेत कई कवियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। सभी कवियों ने अपनी-अपनी शैली में समाज, देशभक्ति और संवेदनाओं को मंच से अभिव्यक्त किया। सबको सुनने के बाद जब डॉ. हरिओम पवार ने काव्य पाठ शुरू किया तो पूरा मैदान तालियों से गूंज उठा। उनकी वीर रस और तंज से भरी कविताओं ने श्रोताओं को झकझोर दिया। उनकी पंक्तियां ''सिंहासन वाले पंखों से उड़ता नहीं मिलूंगा मैं, राजभवन के कालीनों से जुड़ता नहीं मिलूंगा मैं, मैं शब्दों की क्रांतिज्वाल हूं, वर्तमान को गाऊंगा, जिस दिन मेरी आग बुझेगी, मैं उस दिन मर जाऊंगा।'' पर देर तक तालियां बजती रहीं।

वहीं डॉ. प्रतीक गुप्ता की मार्मिक कविता ने माहौल को भावुक कर दिया। उन्होंने जब सामाजिक पीड़ा को सुनाया तो श्रोताओं की आंखें नम हो गई। सिंदूर और नंगे नौनिहालों की लंगोटियां चली गई, भाई की पढ़ाई गई, बाप की दवाई गई, दोनों छोटी बेटियों की चोटियां चली गई, तो कैसा विस्फोट था कि एक पल भी ना लगा, पूरे ही शरीर की बोटियां चली गई, आपके लिए तो एक आदमी मरा है साहब, किंतु मेरे घर की तो रोटियां चली गईं'' इस पर भी जोरदार तालियां गूंजीं।

डॉ. सुधीर जैन ने अपनी ओजपूर्ण रचना के जरिए भारतीय परंपरा और इतिहास का स्मरण कराते हुए कविता ''कंदमूल खाने वालों से मांसाहारी डरते थे, पोरस जैसे शूरवीर को नमन सिकंदर करते थे, चौदह वर्षों तक सूर्यवंशी वन में जिसका नाम था, मन मंदिर में बसने वाला शाकाहारी ''राम'' था, उनकी प्रस्तुति को भी खूब सराहा गया।

कवि सम्मेलन में श्रोताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शाम से लेकर देर रात तक चले इस आयोजन में शहर के साहित्य प्रेमियों की बड़ी संख्या मौजूद रही और सभी ने काव्य रस का भरपूर आनंद लिया।

**ट्रक घुसने से लग गया जाम** : बरेली क्लब के मैदान में एक तरफ मेले में जाने वालों की भीड़ उमड़ रही थी। वहीं दूसरी ओर लालफाटक की ओर जाने वाले ट्रक वहां घुस गए। इससे वहां पर जाम लग गया। इसके बाद मेले में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शोरशराबा मचने पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में लगी पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह से ट्रकों को वहां से हटवाकर जाम को खुलवाया।

**शंख बजाकर ले रहे सनातनी किताब** : मेले में सब अपने रंग में थे। बच्चों के साथ बुजुर्ग मेले का आनंद ले रहे थे। लेकिन उस प्रांगण में एक ऐसी जगह थी। जहां सब एक साथ खड़े थे। हवन कुंड के पास शंख बजाने और सनातनी किताब को लेने के लिए भी खास उत्साह दिखा। बच्चे से लेकर बड़े तक शंख को बजाकर अपने सनातनी होने का परिचय दे रहे थे।

### ढोल नगाड़े बाजकर किया स्वागत

सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट ने जिस तरह से मेले का आयोजन किया उसने वहां जाने वाले लोगों का मन मोह लिया। क्लब के मुख्य द्वार पर ढोल नगाड़ों के साथ जिस तरह से लोगों का स्वागत किया गया वह देखकर लगा की हम कहीं बहुत पीछे सनातनी संस्कृति में आ गए है। जहां अलग ही तरह के लोग और और नजारा दिख रहा है।

### मेले में उमड़ा जनसैलाब, जमकर की खरीदारी




**बरेली, अमृत विचार** : सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से आयोजित भव्य मेले में शनिवार का दिन उत्साह एवं सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण रहा। मेले में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक एवं संरक्षक दिनेश ने मेले की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बहुत ही सुंदर एवं प्रेरणादायक मेला लगाया है, यही हमारा वास्तविक नववर्ष है। यह अत्यंत सुखद है कि बच्चे अब केक काटने की बजाय दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा अपना रहे हैं, जो हमारी सनातन संस्कृति की ओर लौटने का संकेत है। मेले में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी पहुंचे। उनकी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रमों की सराहना की। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया। विजेता बच्चों को दो साइकिलें उपहार स्वरूप प्रदान की गईं। लकी ड्रा के माध्यम से एक हीरे की अंगूठी भी निकली, जिसने उपस्थित लोगों में विशेष उत्साह पैदा किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मेले की भव्यता एवं सांस्कृतिक संदेश की सराहना की गयी। मेले में आए दर्शकों ने विभिन्न स्टॉलों, प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। देर रात सांसद छत्रपाल गंगवार भी मेले में पहुंचे।

## सिटी डायरी

### कायस्थ महासभा ने होली मिलन समारोह मनाया




**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरेली के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में अनुपम नगर स्थित ऐवीकेएम मुख्यालय पर सदस्यों और पदाधिकारियों ने होली मिलन समारोह मनाया। साथ ही नव संवत्सर के स्वागत में खूब गीत गाये। मां चंद्र घंटा के पूजन के अवसर पर सभी महिलाओं का स्वागत किया। फूलों से होली खेली। वीरेंद्र रायजादा, सुधीर मोहन, राजेश सक्सेना, सुधीर महान, संतोष सक्सेना, सुनील सक्सेना, माया सक्सेना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### मेडिट कोचिंग का नया शैक्षणिक सत्र सोमवार से शुरू होगा



**बरेली, अमृत विचार** : मेडिट बरेली की ओर से शनिवार को जानकारी दी गई कि नए शैक्षणिक सत्र की कक्षाएं सोमवार से प्रारंभ की जा रही हैं। संस्थान में आईआईटी-जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए फाउंडेशन व प्री-फाउंडेशन पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं। मेडिट बरेली शहर का अग्रणी एवं परिणामोन्मुखी कोचिंग संस्थान है। जो विगत 20 वर्षों से आईआईटी और नीट परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट परिणाम देता आ रहा है। संस्थान में भौतिकी के विशेषज्ञ विशाल वार्षणेय, रसायन विज्ञान के विपुल गोविल, गणित के सुधीर पांडेय और जीवविज्ञान के ओमेंद्र यादव जैसे अनुभवी शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाता है। संस्थान के प्रबंधन यह भी बताया कि छात्रों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रविवार को भी कोचिंग का कार्यालय खुला रहेगा।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने त्रिवटीनाथ मंदिर में किए दर्शन



**बरेली, अमृत विचार** : त्रिवटीनाथ मंदिर में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने बरेली प्रवास के दौरान नव निर्मित जगजननी मां भवानी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। राज्यपाल ने नव निर्मित मां भवानी मंदिर की भव्यता की सराहना करते हुए मंदिर सेवा समिति को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य अत्यंत अलौकिक है और इसकी ख्याति दूर दूर तक फैलेगी, जिससे श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आएंगे। मंदिर सेवा समिति की ओर से प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल और सुभाष मेहरा ने राज्यपाल संतोष गंगवार व विधायक डॉ. डीसी वर्मा का स्वागत किया।

### गोशाला में गायों की सेवा की



**बरेली, अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बरेली ने शनिवार को संस्थापक अध्यक्ष स्व. रामदास अग्रवाल की जयंती वैश्य एकता दिवस के रूप में मनाई। इस मौके पर पदाधिकारियों ने बरेली गोशाला में गो सेवा की। मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री जितेंद्र रस्तोगी, क्षेत्रीय अध्यक्ष जगमोहन गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री राजीव बूबना, महामंत्री डॉ प्रमेंद्र माहेश्वरी, संगठन महामंत्री नीरज अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री सचिन गुप्ता, सतीश चंद जायसवाल, डॉ. रजत अग्रवाल, डॉ. रवीश अग्रवाल, रितेश मोहन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, मनमोहन, मयूरेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, संजीव अग्रवाल, रोहित राकेश आदि उपस्थित रहे।

## अप्रैल में नए टारगेट आने वाले हैं, सभी कर लें तैयारी : डीएम

**बरेली, अमृत विचार**: वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष में नए टारगेट मिलने को लेकर जिला प्रशासन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास विभाग एवं फैमिली आईडी की समीक्षा बैठक कर जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभागों में नए लक्ष्य को लेकर तैयारियां करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि पीएम सूर्य घर की समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जा रही है। जिस पर पीओ डूडा को निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप सोलर पैनल लगवाने के कार्य में गति लाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि लॉ एंड ऑर्डर मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फैमिली आईडी की समीक्षा कर कहा कि फैमिली आईडी बनवाने का लक्ष्य जिन विभागों को दिया, उनमें श्रम विभाग एवं एनआरएलएम पीछे है। डीएम ने नाराजगी जाहिर कर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।

# स्कूटी-बाइक रैली से दिया महिला सुरक्षा का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली




पुलिस लाइन में रैली को रवाना करते एडीजी, डीआईजी व एसएसपी।

● **मिशन शक्ति फेज 5.0 के दूसरे चरण का हुआ भव्य शुभारंभ**

● **एडीजी, डीआईजी व एसएसपी ने रैली को दिखाई हरी झंडी**

**अमृत विचार**: चैत्र नवरात्र पर जनपद में ''मिशन शक्ति फेज-5.0'' के दूसरे चरण का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। नारी शक्ति को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ पुलिस ने शहर की सड़कों पर स्कूटी और बाइक रैली निकालकर एक मजबूत संदेश दिया। पुलिस लाइन से एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया। खाकी वर्दी में आत्मविश्वास से लबरेज महिला पुलिसकर्मियों का कारवां जब शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, तो हर चौराहे पर आम जनता ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

रैली के माध्यम से यह संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया कि आधुनिक युग की महिलाएं न केवल सुरक्षित हैं, बल्कि पूरी तरह आत्मनिर्भर और सशक्त भी हैं। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर पुलिस 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रही है। मिशन शक्ति केवल एक सरकारी अभियान मात्र नहीं है, बल्कि यह समाज की मानसिकता को बदलने वाला एक बड़ा आंदोलन है।

अभियान को मजबूती देने के लिए एसपी सिटी मानुष पारीक, एएसपी मुकेश मिश्र, एएसपी ट्रैफिक अकमल खान और एएसपी अंजना दहिया समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी खुद सड़कों पर उतरे, जिससे महिला पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों का मनोबल बढ़ा। पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए वूमेन पावर लाइन 1090, इमरजेंसी सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्प 1930 जैसे नंबरों की जानकारी दी। बताया कि इन नंबरों का इस्तेमाल करके महिलाएं आपात स्थिति में पुलिस की मदद ले सकती हैं।

### बाइक रैली के जरिये महिलाओं को किया जागरूक

बारादरी पुलिस ने भी ''मिशन शक्ति फेज-5'' के तहत बाइक रैली निकाली। एंटी रोमियो टीम के नेतृत्व में यह रैली थाना बारादरी से शुरू होकर कांकरटोला, कालीबाड़ी, बरेली कॉलेज पश्चिमी गेट, श्यामगंज और सेटेलाइट होते हुए वापस थाने पर संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस टीम ने कालीबाड़ी और सेटेलाइट जैसे सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। सुरक्षा और स्वावलंबन का संदेश दिया।

# मौखिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकती अंगूठा चूसने की आदत

● **इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से चल रहा है जागरूक माह**

● **विशेषज्ञों की सलाह : बच्चे को प्यार और धैर्य से समझाएं और व्यस्त रखें**

**बरेली, अमृत विचार**: बच्चों में अंगूठा चूसना एक सामान्य आदत है, विशेषकर शिशु अवस्था में। यह उन्हें सुरक्षा और सुकून का एहसास कराता है, लेकिन जब यह आदत 3-4 वर्ष की आयु के बाद भी जारी रहती है तो यह बच्चे के मौखिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों ने ऐसी आदत होने पर बच्चों को क्या दिक्कतें हो सकती हैं, इसके बारे में जानकारी दी है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से बच्चों को दंत रोगों से बचाव के लिए जागरूकता माह चलाया जा रहा है। दंत रोग विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में अंगूठा चूसने की आदत अक्सर बच्चे के तनाव, ऊब, नींद की जरूरत या भावनात्मक असुरक्षा के कारण विकसित होती है। कई बार यह केवल एक आदतन क्रिया बन जाती है, जिसे बच्चा अनजाने में बार-बार करता रहता है। लंबे समय तक अंगूठा चूसने से कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसमें दांतों का आगे की ओर झुक जाना, ऊपरी और निचले दांतों के बीच गैप, जबड़ों की असामान्य वृद्धि, बोलने में कठिनाई, चेहरे की बनावट में बदलाव हो सकता है। आगे चलकर ऑर्थोडॉन्टिक उपचार की आवश्यकता पड़ सकती है।

### अभिभावकों की भूमिका भी अहम

माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चे को डांटने या सजा देने के बजाय प्यार और धैर्य से समझाएं। बच्चे को व्यस्त रखने, सकारात्मक प्रोत्साहन देने और उसकी भावनात्मक जरूरतों को समझने से इस आदत को आसानी से छोड़ा जा सकता है। हालांकि, अंगूठा चूसना एक सामान्य आदत है, लेकिन समय पर ध्यान न देने पर यह गंभीर दंत समस्याओं का कारण बन सकती है। इसलिए, सही समय पर पेडोडॉन्टिस्ट से सलाह लेना और बच्चे को सही दिशा देना अत्यंत आवश्यक है।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

RMC BAREILLY Excellence towards profession

STAFF REQUIRED

**Pharmacy Supervisor**
Qualification:- Graduate & Exp. in Relevant Field

**Floor Supervisor**
Qualification:- Graduate & Exp. in Hospital

**Junior Accountant**
Qualification:- Min. B.Com. & Good Excel Knowledge

**Computer Operator**
Qualification: Min. Intermediate & Good MS Office Knowledge & Good Typing Speed

**Pharmacist**
Qualification: Min. D. Pharma & Good Computer Knowledge

**PRO**
Qualification: Graduation

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286